**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

**हिन्दी कार्यशाला**

**दिनांक : 25 जून 2026**

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र द्वारा दिनांक 25 जून 2026 को "कार्यालय कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु अधिकारियों द्वारा किए गए नवल प्रेरक प्रयास तथा उनके साथ घटित रोचक घटनाओं के " विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव श्री राजेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। सचिव महोदय द्वारा राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति, श्री अजय गोपाल भरतारिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया।

अध्यक्ष महोदय ने इस सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने वक्तव्य में राजभाषा हिंदी के प्रशासनिक कार्यों में बढ़ते प्रयोग और उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।

इसके उपरांत श्री प्रसून पांडे द्वारा सभी आमंत्रित वक्ताओं एवं अधिकारियों का औपचारिक स्वागत किया गया।सत्र के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक एवं प्रभावी प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी केवल संवैधानिक दायित्व ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यों को सरल, प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने का सशक्त माध्यम भी है। सभी अधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने दैनिक कार्यालय कार्यों, पत्राचार, टिप्पणियों तथा अभिलेखों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिन्दी की प्रेरणादायक कविताओं, गीतों एवं साहित्यिक रचनाओं का प्रभावशाली वाचन किया गया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान, आत्मीयता एवं उसके व्यावहारिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि कार्यालय कार्यों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में हिन्दी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सक्रिय योगदान देंगे।

**धन्यवाद ज्ञापन:**

श्री राजेन्द्र गुप्ता  ने कार्यशाला के समापन पर सभी वक्ताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिंदी के माध्यम से प्रशासन जनोन्मुखी और परिणाममूलक बन सकता है। कार्यशाला का आयोजन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यशाला के आयोजन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य श्री प्रसून पांडे, सुश्री श्रुति पंत,श्री सितांशु राय, श्री संतोष कुमार मिश्र, एवं श्री पवनजीत सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

